# जेईई-मेन, उम्र और आवेदन क्रमांक ऑल इंडिया टॉप रैंक्स तय करेंगे

## इस वर्ष एआईआर-1 पर एक ही विद्यार्थी रहेगा, गत वर्ष एआईआर-1 पर 18 विद्यार्थी थे

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दोनों सेशन के आधार पर ऑल इंडिया रैंक व सेशन-2 का एनटीए स्कोर 6 अगस्त को जारी हो सकता है। इसके साथ ही जेईई-एडवांस्ड की पात्रता भी जारी कर दी जाएगी। इस वर्ष रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक पर एक ही विद्यार्थी रहेगा, क्योंकि गत वर्ष के परिणामों से सीख लेते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा दो विद्यार्थियों के एनटीए स्कोर में टाई लगने पर ऐसे मापदण्ड तय किए गए हैं कि एक से अधिक विद्यार्थियों की ऑल इंडिया रैंक-1 आना संभव नहीं है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जेईई-मेन-2021 में आल इंडिया रैंक-1 पर 18 विद्यार्थी थे। जेईई-मेन जून 24 से 30 जून तथा जुलाई सेशन 25 से 30 जुलाई के मध्य आयोजित की गई थी, जिसमें 9 लाख से अधिक यूनिक कैंडिडेट शामिल हुए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन जून अटेम्प्ट में कुछ विद्यार्थी ऐसे भी हैं जिनके 300 में से 300 अंक के परफेक्ट स्कोर आ रहे हैं। ऐसे ही जुलाई सेशन में भी कुछ विद्यार्थी ऐसे हो सकते हैं, जिनका 300 में से 300 अंक हों। इन विद्यार्थियों के ऑल इंडिया रैंक निकालने के लिए सबसे अंतिम मापदण्ड के रूप में आयु एवं जेईई-मैन आवेदन क्रमांक का आरोही क्रम ही निर्धारण होगा। ऐसे में जिन विद्यार्थियों के 300 अंक आने के साथ-साथ 100 पर्सेन्टाइल भी है, उन विद्यार्थियों की शीर्ष ऑल इंडिया रैंक आयु एवं जेईई-मेन आवेदन क्रमांक के आधार पर जारी की जाएगी। ऐसे में यह संभावना बिल्कुल न्यूनतम हो जाती है कि दो विद्यार्थियों की आयु के साथ आवेदन क्रमांक भी समान हो।

**एनटीए स्कोर में टाइ लगने के बाद एआईआर निर्धारण के मापदण्ड:-** अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष पहली बार विद्यार्थियों के हायर एनटीए स्कोर में टाइ लगने पर रैंक के निर्धारण के लिए 9 मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं, जिसमें यदि दो विद्यार्थियों के टोटल एनटीए स्कोर समान आते हैं तो ऑल इंडिया रैंक निर्धारण में सर्वप्रथम मैथेमेटिक्स का एनटीए स्कोर देखा जाएगा। यह समान होने पर फिजिक्स, इसके बाद कैमेस्ट्री का एनटीए स्कोर, फिर सही और गलत उत्तरों की संख्या का अनुपात देखा जाएगा। इस स्थिति में टाई लगने पर विषयवार मैथेमेटिक्स के सही व गलत उत्तरों की संख्या का अनुपात, यहां भी टाई लगने पर फिजिक्स के सही और गलत उत्तरों की संख्या का अनुपात, उसमें टाई लगने पर कैमेस्ट्री के सही एवं गलत उत्तरों की संख्या का अनुपात देखा जाएगा। उपरोक्त सभी मापदण्डों में भी टाई लगने की स्थिति में जिस विद्यार्थी की आयु ज्यादा होगी, उसे ऑल इंडिया रैंक में प्राथमिकता दी जाएगी। आयु के मापदण्ड के स्तर पर ही भी यदि टाई की स्थिति बनती है आवेदन क्रमांक के आरोही क्रम को प्राथमिकता दी जाएगी।

**जेईई-एडवांस्ड की आवेदन प्रक्रिया 7 अगस्त से:-** आहूजा ने बताया कि इस वर्ष आईआईटी बॉम्बे द्वारा 28 अगस्त को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। जेईई-मेन के आधार पर चुने हुए शीर्ष ढ ाई लाख विद्यार्थी एडवांस्ड परीक्षा के लिए पात्र घोषित किए जाएंगे। ये विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड वेबसाइट पर एडवांस्ड के लिए 7 से 11 अगस्त के मध्य आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को अपनी आवश्यक जानकारी एवं परीक्षा केन्द्र भरकर दसवीं व 12वीं की अंकतालिका सर्टिफिकेट एवं कैटेगिरी सर्टिफिकेट अपलोड करने हैं। विद्यार्थियों को आवेदन के दौरान 8 परीक्षा केन्द्र चुनने का अवसर दिया गया। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को ओबीसी एवं ईडब्लयूएस का प्रमाण पत्र 1 अप्रेल 2022 के बाद का देना होगा। ऐसे विद्यार्थी जिनके पास ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र दिए गए समय का उपलब्ध नहीं है तो वे डिक्लेरेशन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। डिक्लेरेशन का प्रारूम जेईई-एडवांस्ड के इनफोर्मेशन बुलेटिन से डाउनलोड किया जा सकता है। एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम 11 सितम्बर को जारी किया जाएगा।

# द्वेषतापूर्ण काम कर रही है राज्य सरकार: शर्मा

## गोमाता की दुर्दशा के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा का कहना है कि राज्य सरकार द्वेषतापूर्ण काम कर रही है। अधिकारियों की ओर से तुष्टिकरण की नीति अपनाई जा रही है। हकदार हैं उन्हें सम्मान और जो गुनहगार है उन्हें सजा नहीं मिल रही। यह बात चौमूं विधायक ने हनुमानगढ़ आगमन पर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई संगठनात्मक बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कही।

शर्मा ने कहा कि हनुमानगढ़ जिले में नहरों की समस्या प्रमुख समस्या है, लेकिन इस तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। भाजपा के समय जो प्रोजेक्ट आए थे, जिनका शिलान्यास हो चुका था आज वे अधूरे पड़े हैं। उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा।

रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार बार-बार कह रही है कि हम वेलफेयर की योजनाएं लेकर आए हैं, लेकिन सरकार की वेलफेयर की योजनाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही। निर्माण श्रमिक व बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने की योजना दम तोड़ चुकी है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय जो पैसा स्वीकृत हुआ था उस पैसे को निरस्त करने का काम भी इस सरकार ने किया है। आज प्रदेश में भयावह स्थिति बनी हुई है। महामारी की चपेट में आकर गोमाता दम तोड़ रही है। उस गोमाता की सुरक्षा के लिए भी सरकार कोई कठोर कदम नहीं उठा रही। इस दुर्दशा के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। भाजपा के राज्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बताया कि भाजपा के संगठनात्मक 44 जिले हैं।

उन जिलों में बैठकें लेने के लिए पूरे प्रदेश में भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। यह संगठनात्मक बैठकों की चर्चा-परिचर्चा है। पार्टी के कार्यक्रम धरातल पर कैसे चल रहे हैं और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी या नहीं आदि पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन संरचना के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। प्राथमिकता के साथ ही उन कार्यों को पूर्ण करने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ जिले में बूथ संरचना का काम करीब 90 प्रतिशत हो चुका है। 10 प्रतिशत शेष काम की समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रवाद की अलख जग रही है।

15 अगस्त को घर-घर झंडा लगाने की मुहिम की भी बैठक में समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। उन्हें विश्वास है कि हनुमानगढ़ जिले का एक भी मकान ऐसा नहीं रहेगा, जहां तिरंगा न फहराया जाए। उन्होंने बताया कि भाजपा की ओर से आगामी दिनों में हनुमानगढ़ की प्रमुख समस्याओं को लेकर जनआंदोलन किया जाएगा। यह बैठक में तय किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई व जिला महामंत्री जुगल किशोर गौड़ सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उदयपुर जिले में 45 पॉजिटिव मिले

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले में शनिवार को भी जारी रहा जहां 45 कोरोना संक्रमित चिन्हित किये गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एल. बामनिया ने बताया कि आज प्राप्त 779 जांच रिपोर्टस में से 45 पॉजीटिव मिले। आज भी शहरी इलाके में ही स्थिति विस्फोटक दिखी जहाँ 35 संक्रमित मिले जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 10 संक्रमित मिले। जिले में एक्टिव रोगियों की संख्या 176 हो गई है। इन में से दो रोगी अस्पताल में भर्ती है जबकि 174 एक्टिव रोगी होम आइसोलेशन में है।

# पुत्री ने पिता पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर थाना क्षेत्र में कलयुगी पिता पर अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने अपने रिश्तेदार के सहयोग से पुलिस में आपबीती की रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता के साथ आखरी बार 1 अगस्त को पिता ने दुष्कर्म किया। पीड़िता 19 वर्ष की बताई जा रही है।

पीड़िता के साथ करीब दो तीन सालों पहले भी पिता और उसके दोस्त ने शराब के नशे में दुष्कर्म किया था। इस कारण पीड़िता गर्भवती हो गई थी, जिसका सारा आरोप उसके माता पिता समेत अन्य रिस्तेदारों ने पीड़िता पर मढ दिया था और पीड़िता का बच्चा भी गिरा दिया था। पीड़िता 4 अगस्त को पुष्कर थाने में पेश होकर अपने साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुष्कर पुलिस ने पीड़िता के पिता ओर उसकी माता बहन, पिता के दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में पोक्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पुलिस उपाधीक्षक इस्माल खान को सौंप दी है।

पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुष्कर थाना अधिकारी ने बताया कि समीपवर्ती गांव की एक 19 वर्षीय युवती ने अपने पिता व दोस्त पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है इसकी जांच ग्रामीण पुलिस उप अधीक्षक इस्माइल खान कर रहे हैं।

# अवैध खनन: चार ट्रक और आठ ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

## चालक ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गए



अवैध खनन के पत्थरों से भरे वाहनों को जब्त करने की पुलिस ने कार्रवाई की।

**हिण्डौन सिटी,** (कासं.)। सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए चार ट्रक और आठ ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन के पत्थरों से ओवरलोड भरे हुए जप्त कर लिए हैं। इधर पुलिस की कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि अरावली पर्वतमाला की श्रंखला में एवं वन क्षेत्र में खनन माफियाओं की ओर से अवैध खनन किया जा रहा है और अवैध खनन कर चोरी से पत्थरों की सप्लाई करने में जुटे ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रोलियां व रोजाना सडक पर सरपट दौडते नजर आते है। जिसके चलते सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण ने पुलिस

■ **सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया**

अधीक्षक नारायण टोगस के निर्देशन में अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल के निकटतम सुपरविजन में एक टीम गठित की। जिसने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया हं उन्होंने बताया कि बीती रात खनिज विभाग के अधिकारी अमित शर्मा एवं वन विभाग के अधिकारी केदार लाल योगी को अवैध खनन से भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली जाते दिखाई दिए। जिसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना पर थानाधिकारी ने मय जाप्ता नाकाबंदी कर कार्रवाई करते हुए ओवरलोड पत्थरों से भरे हुए चार ट्रक एवं आठ ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर ली है। जबकि इस दौरान चालक ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग तथा खनिज विभाग के कर्मचारियों द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है । इस दौरान चार ट्रकों पर छह लाख से अधिक की पेनल्टी खनिज विभाग द्वारा वसूल की जा रही है। वहीं पुलिस भागे हुए ट्रैक्टर चालक एवं ट्रैक्टरों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## प्रसूता ने तीन बच्चों को जन्म दिया

**डूंगरपुर,** (निसं)। जीवन ज्योति हॉस्पिटल शनिवार दोपहर एक प्रसूता हेमलता रोत निवासी ग्राम पंचेला तहसील झौथरी जिला द्वारा 3 मेल बेबी को सकुशल जन्म दिया गया। तीनों नवजात शिशुओं के साथ-साथ प्रसूता भी एकदम स्वस्थ है। जीवन ज्योति हॉस्पिटल के डायरेक्टर जिनेंद्र गुप्ता ने बताया कि हॉस्पिटल मे पहली बार एक साथ यहां उनकी देखरेख में 3 बच्चों का जन्म हुआ है। तीनों बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए देखभाल के लिए एनआईसीयू में भर्ती किया गया है। सामान्यत: देखा गया है कि एक से अधिक बच्चे होने पर ऑपरेशन करके डिलीवरी कराई जाती है। लेकिन यहां विशेष यह है कि तीनों बच्चों का जन्म जीवन ज्योति हॉस्पिटल में कार्यरत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अजय सिंह राजमन एवं टीम द्वारा बिना ऑपरेशन नॉर्मल डिलीवरी द्वारा तीनों बच्चों का प्रसव कराया गया।

# बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी का प्रकोप

**श्रीगंगानगर,** (निसं.)। जिले में बीटी कपास फसल में गुलाबी सुण्डी एवं रस चूसक कीटों का प्रकोप के मद्देनजर कृषि विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को सीमावृति क्षेत्र में बीटी कपास की फसल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में डॉ0 सुवालाल जाट, संयुक्त निदेशक कृषि (पौध संरक्षण) कृषि आयुक्तायल राजस्थान जयपुर, डॉ0 जी.आर. मटोरिया, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड श्रीगंगानगर, डॉ0 रूपसिंह मीना, सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान), डॉ0 प्रदीप सहायक प्राध्यापक (पौध व्याधि) कृषि अनुसंधान केन्द्र, श्रीगंगानगर महावीर प्रसाद छींपा, कृषि अधिकारी (पौ0सं0), सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सादुलशहर, डॉ0 रमेश चन्द्र बराला, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) श्रीगंगानगर शामिल रहे। निरीक्षण दल द्वारा पंजाब राज्य के सीमावृति क्षेत्र सादुलशहर तहसील के चक 13 केएसडी, 15 केएसडी, नुरपुरा, अलीपुरा, गदरखेड़ा, चमारखेड़ा, पतली, 29 केएसडी, चकबादल, बनवाली, गणेशेवाला०, तथा श्रीगंगानगर तहसील के क्षेत्र साधुवाली, 1 वाई, कालियां, खाटलबाना, फतूही, ओडकी, सुजावलपुर, कोठा, पक्की, खखां, हिन्दूमलकोट, कोनी, मदेरां, मोहनपुरा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

डॉ. मटोरिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दल को क्षेत्रा में लाभदायक मित्र कीट भी पाए गए। निरीक्षण के दौरान बीटी कपास के खेतों में रस चूसने वाले कीटों में सफेद मक्खी, हरातेला, थ्रीप्स का प्रकोप देखा गया है। रस चूसक कीट मुख्यतया सफेद मक्खी का प्रकोप कोठा, पक्की, खखां, हिन्दूमलकोट क्षेत्रों में आर्थिक हानि स्तर तक पाया गया तथा साथ ही लीफकर्ल वायरस के भी लक्षण बीटी कपास में देखे गये। गुलाबी सुण्डी का प्रकोप नगण्य पाया गया। निरीक्षण दल द्वारा कृषकों को बीटी कपास का नियमित रूप से बारीकी से निरीक्षण कर प्रभावी नियंत्राण करने की जानकारी दी गई।

■ **कृषि विभाग के निरीक्षण दल ने किसानों को दी प्रभावी नियंत्रण की जानकारी**

सफेद मक्खी कीट की पहचान कैसे कर सफेद मक्खी तेज उड़ने वाला, पीले शरीर और सफेद पंख का कीट है। छोटा एवं हल्का होने के कारण यह कीट हवा द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर चला जाता है। इस कीट की प्रौढ़ मादा अपने जीवन काल में 100-125 अण्डे देती है। अण्डे पत्तियों की निचली सतह पर दिए जाते है। इसके अण्डाकार शिशु पत्तों के निचली सतह पर चिपके रह कर रस चूसते रहते है और एक चिपचिपा पदार्थ उत्पन्न करती है। जिसे हनीडयू कहा जाता है। जिसके कारण पौधों में फंगल की बीमारी हो जाती है। सफेद मक्खी से ग्रसित पौधें पीले व तैलीय दिखाई देते है एवं पौधों की पत्तियां सिकुड़ कर मुड़ने लगती है। इस प्रकार प्रकाश संशेषण की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। जिसके कारण उपज एवं उत्पाद की गुणवत्ता में काफी कमी आती है। सफेद मक्खी लीफकर्ल वायरस जैसे विषाणु को फैलाने में वेक्टर के रूप में कार्य करती है।

किसानों को चाहिए की वह अपनी कपास की फसल का बारीकी से निरीक्षण करें तथा निरीक्षण के दौरान सफेद मक्खी के 8-12 वयस्क प्रति पत्ती, 16-20 अवयस्क (निम्फ) प्रति पत्ती पाए जाने पर ही कीटनाशाकों का छिड़काव करना चाहिए।

# गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

**बयाना,** (निसं)। 14 साल की नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आईटीआई के छात्र आरोपी युवक को पुलिस ने मध्यप्रदेश के दतिया जिले से पकडा है। गिरफ्तार आरोपी दिलीप गुर्जर है। आरोपी, पुलिस से बचने के लिए पिछले कुछ समय से दतिया में प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत पंडोखर सरकार के आश्रम में पहचान छुपा भक्त बनकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को वहीं से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस अब पॉक्सो कोर्ट में पेश करेगी। बयाना थाना इलाके के एक गांव में 24 जुलाई 2021 की शाम करीब 7 बजे 14 साल की लडकी शौच करने जंगल की तरफ गई थी। तभी दूसरे गांव निवासी विष्णु गुर्जर अपने साथी दिलीप के साथ नाबालिग का अपहरण कर ले गया था। आरोपी नाबालिग को बाइक पर बिठाकर ले गए थे। दोनों आरोपियों ने रात को गांव के बाहर पहाड़ों में नाबालिग से जबरन दुष्कर्म किया और उसे एक सूखे कुंए में पटक गए। अगले दिन ग्रामीणों को नाबालिग कुएं में मदद के लिए चिल्लाती मिली थी। कुंए में फेंकने से नाबालिग के शरीर में चोटें भी आ गई थी। घटना को लेकर पीडिता के चाचा ने पुलिस में केस दर्ज कराया था। पुलिस टीम पांडेश्वर धाम आश्रम पहुंची और वहां से आरोपी को गिरफ्तार किया।

## लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

**महुवा,** (निसं)। थाना पुलिस ने शुक्रवार रात्रि हुई मोबाइल लूट की घटना के एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिक को निरूद्ध करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी बुद्धि प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार रात्रि परिवादी ने मामला दर्ज कराया था कि मंडावर की तरफ से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल छीन ले गए। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टीम गठित कर आरोपी देवेश उर्फ हसीन पुत्र बालकिशन जाटव निवासी बैलारा थाना नदबई भरतपुर को गिरफ्तार किया है।

# तस्कर को सजा सुनाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) बृजमाधुरी शर्मा ने शनिवार को गांजा तस्करी के मामले में तस्कर को 4 साल की कैद 50 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक कैलाशचंद्र चौधरी ने बताया कि तत्कालीन भीमगंज थाना प्रभारी राकेश वर्मा ने 5 अप्रैल 2017 को गश्त के दौरान रिंग रोड की तरफ से एक व्यक्ति हाथ में थैली लेकर आता नजर आया, जो पुलिस को देखकर झाडियों में छिपने लगा।

पुलिस ने शंका के आधार पर घेराबंदी कर उसे रोका और पूछताछ की तो उसने खुद को मांडल निवासी नवीन भंडिया होना बताया। उसके हाथ में मिली थैली की जांच की तो उसमें गांजा पाया गया। जिसका वजन करवाने पर 2 किलो 530 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त कर भंडिया को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया।

तफ्तीश के बाद आरोपित के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। सुनवाई पूरी होने पर मांडल निवासी नवीन उर्फ टोनू पुत्र शंकरलाल भंडिया को 4 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाह 36 दस्तावेज पेश कर भंडिया पर लगे आरोप सिद्ध किये गए।

# लापरवाही पर थानेदार लाइन हाजिर

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के कालू गांव में जिस युवक की हत्या हुई थी, उसे पहले किडनेप किया गया। बाद में अंधेरा होने पर उसकी हत्या कर दी गई और शव को पुलिस थाने के पीछे फेंक दिया। अपहरण होने के साथ ही कालू पुलिस को घटनाक्रम के बारे में बताया गया लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई।

घटनाक्रम के बारे में आला अधिकारियों को पता चला तो कालू थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। गांव में चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर शनिवार को परिजनों को सौंप दिया गया। घटनाक्रम ये है कि कालू थाना से तीन किलोमीटर दूर लूणकरनसर सड़क पर गुरूवार शाम 7 बजे खेत जाते समय 30 वर्षीय कालू निवासी ओमप्रकाश ज्याणी का कार सवार चार जनों ने अपहरण कर लिया था। इस आशय की सूचना कालू थाने को मिल गई थी। मोटरसाइकिल भी बरामद की गई लेकिन ओमप्रकाश को ढूंढ कर बचाने का प्रयास नहीं हुआ।

इस बीच किडनेपर ने उसकी निर्मम हत्या कर शव थाना के पास ही सहजरासर रोड पर घर के सामने फेंक दिया। हत्या के काफी देर बाद पुलिस को सूचना मिली तब तक हमलावर फरार हो गए। युवक की हत्या कर शव पुलिस थाना से 300 मीटर दूर

■ **मामले में समय रहते पुलिस ने नहीं की थी कार्रवाई**

सहजरासर रोड पर फेंका गया। शुक्रवार को सुबह महिलाओं ने सड़क पर आदमी का शव पड़ा देखा। यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी फिर भी देर से पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ओमप्रकाश के परिवार व कस्बे के लोग धरने पर बैठ गए।

जहां आर. एल. पी. के प्रदेश मंत्री विजयपाल बेनीवाल, डॉ. विवेक माचरा, दौलतराम डोगीवाल, बाबूलाल लेघा, पंचायत समिति सदस्य महिपाल सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच रामकुमार शर्मा, ओमप्रकाश गोदारा, राकेश मूंड भी धरने के समर्थन में बैठे। मृतक का शव देर शाम तक परिवार ने नहीं उठाया। पुलिस ने बताया कि हत्या में उपयोग होने की संभावना में पुलिस ने भादवां गांव से एक कार बरामद कर जब्त की है। पुलिस के अनुसार हत्या में चार-पांच लोग शामिल होने की संभावना है। पुलिस के अनुसार हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही साफ हो पाएगा। अवैध संबंध भी हो सकते है।

## दो किलो अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

**भीलवाडा,** (निसं)। जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में नारकोटिक्स विभाग की टीम ने कई घरों में शनिवार को छापेमारी कर तलाशी ली। इस दौरान एक मकान से 2 किलो अफीम मिली। अफीम जब्त कर टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को नजदीक तक नहीं आने दिया गया। कारण, विभाग को सूचना लीक होने की आशंका थी। उधर, नारकोटिक्स विभाग की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया।

सेंट्रल नारकोटिक्स आयुक्त राजेश फतेह सिंह ढाबरे, उप नारकोटिक्स आयुक्त कोटा विकास जोशी एवं सहायक नारकोटिक्स आयुक्त विजय सिंह मीणा ने मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करों की धर पकड के लिए विशेष अभियान चलाने के विभाग को आदेश दिये गये। इसी के तहत कार्यालय अधीक्षक (निवारक), निवारक एवं आसूचना प्रकोष्ठ, जयपुर, चित्तौडगढ एवं कार्यालय जिला अफीम अधिकारी भीलवाडा के संयुक्त निवारक दल ने अधीक्षक ( निवारक) अल्पना गुप्ता एवं भीलवाडा जिला अफीम अधिकारी डी. के. सिंह के नेतृत्व में टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर सवाईपुर में शम्भूलाल पुत्र बद्रीलाल तेली के रिहायसी मकान पर छापा मारा। मकान की तलाशी लेने पर यहां 2 किलो 300 ठााम अवैध अफीम मिली, जिसे बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

# सुंधा माता तलहटी पर साधु को आश्रम परिसर में दी समाधि

## रविनाथ महाराज के गुरु मंगलनाथ के आने पर वार्ता समझौते तक पहुंची

**जालोर/रानीवाड़ा,** (निसं)। जालोर जिले के जसवंतपुरा के सुंधा माता तलहटी पर एक साधु की आत्महत्या के मामले में दिन भर लोग आरोपियों की गिरफ्तार की मांग पर अड़ रहे। तथा 36 घंटे तक पेड़ से लटक रहे साधु के शव को नीचे उतारने पर सहमति बनी। तब पुलिस ने साधु के शव का पोस्टमार्टम करवाकर समाधि के लिए सुर्पुद किया तो फिर विवाद हो गये। कुछ भक्तों ने विवादित जमीन पर ही साधु की समाधि के लिए कार्य शुरु कर दिया। जिस पर मामला एक बार फिर गर्माया। लेकिन जालोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया व जालोर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद्व के प्रयास से समाझाईश कर साधु को आश्रम परिसर में ही समाधि दी गई।

शनिवार को रविनाथ महाराज के गुरु मंगलनाथ के आने पर वार्ता समझौते तक पहुंची । समझौते में एफ आई आर में नामजद आरोपी को सात दिन में गिरफ्तार करने, आश्रम में जाने के लिए रास्ता देने, आश्रम की जमीन का पट्टा देने, मुकदमें की जांच हत्या मानकर की जाये एवं नब्बे० दिन के भीतर पुरी जांच हो। समाधि देने के पूर्व लोग नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग पर अडे रहे। इस दौरान युवको द्वारा सुंधा माता रोड बंद कर दिया। सुंधा माताजी की तरफ से एक कार आने पर उस पर पत्थर बाजी करना शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने रास्ता खुलवाने की कवायद शुरु करने पर पुलिस पर भी पत्थरबाजी हुई जिस पर देवाराम पुलिस कास्टेबल के सिर पर पत्थर लगने से लुहलुहान हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जसवंतपुरा के सुंधा माता तलहटी पर साधु समाज व भक्तों ने साधु को आश्रम में ही समाधि दी।

दूसरी ओर श्री बाला हनुमान मंदिर में संत के भक्त उपवास पर है। कल सुबह से किसी ने आहार ग्रहण नहीं किया है। भक्तों की तादात एक हजार के आस -पास बताई जा रही है। उनकी एक ही मांग है की तीनों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो ताकि दिवंगत आत्मा को शांति मिल सके। आश्रम और सुंधा माता सडक के बीच भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी की लगभग 20 बीघा जमीन है। जिसे राज्य सरकार की ओर से टूरिज्म कोटे में संपरिवर्तित किया है। इस जगह विधायक चौधरी का रिसोर्ट प्रस्तावित है। जमीन करोडों की आंकी जाती है। यदि जमीन की चारदीवारी बनाई जाती है तो सडक से आश्रम जाने का रास्ता बंद हो जाता है।

विधायक का कहना है की नियमानुसार पैमाईश करवाकर आश्रम के लिए उन्होंने रास्ते की जमीन छोड दी थी। आश्रम व उनके बीच कोई विवाद नहीं था। संत की आत्महत्या व सुसाइड नोट जांच का विषय है। साधु रविदास की आत्महत्या प्रकरण की जांच के लिए कांग्रेस कमेटी ने तीन सदस्यीय दल बनाया है। जिसमें जालोर प्रभारी मंत्री अर्जुनसिंह बामणिया,राजस्व मंत्री रामलाल जाट, जालोर प्रभारी भूराराम सीरवी आत्महत्या प्रकरण की जांच कर रिर्पोट कांग्रेस पार्टी को सुर्पुद करेंगी।

थानाधिकारी मनीष सोनी ने बताया की दिवंगत संत के सांसारिक भतीज बाबूराम रणछोडराम मेघवाल निवासी पंसेरी की रिपोर्ट पर एससी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधायक पूराराम चौधरी उनके चालक धनसिंह व बीजनाथ उर्फ छोगाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। विधायक पूराराम चौधरी पर दर्ज एफआईआर की जांच पुलिस ने सीआईडी, सीबी को जांच की रिपोर्ट भेजी है।